पंजाब केसरी 25/12/2023

जी.एम.एन. कालेज में हुआ 'एक मिनट, एक साथ, गीता पाठ' का आयोजन

अम्बाला, 23 दिसम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल (जी.एम.एन.) कालेज में महाविद्यालय के पूर्व छात्र गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में गीता जयंती के पावन अवसर पर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया।

इस आयोजन को 'एक मिनट, एक साथ, गीता पाठ' का नाम दिया गया था, जिसमें कालेज के सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में एक साथ मिलकर गीता पाठ किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने निर्देश दिया कि महाविद्यालय परिसर में नियमित रूप से गीता का पाठ किया जाएगा।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह एक अद्‌भुत नजारा है। गीता जयंती के इस पावन अवसर पर यह कार्यक्रम विश्व शांति, सद्‌भाव, सर्वत्र सुख समृद्धि, पर्यावरण शुद्धि एवं राष्ट्रीय गौरव वृद्धि के लिए एक साथ जुड़कर शिक्षा के महत्व और इस पावन धरा की धरोहर को सहेजने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कालेज के प्रांगण में सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा गीता पाठ किया गया है।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में सामूहिक गीता पाठ करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त, स्टाफ और विद्यार्थी।